अब इंदौर के रहवासी बनेंगे सायबर स्मार्ट

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9926064287

सायबर शिक्षा से सायबर सुरक्षा अभियान से लोगों को जागरूक करने का प्रयास

पुलिस द्वारा समय-समय पर सायबर अपराधों से सुरक्षा के लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस आयुक्त के निर्देशन में इंदौर पुलिस एवं क्विक हील फाउंडेशन पुणे के संयुक्त तत्वावधान में सायबर अपराधों के प्रति इंदौर के लोगों में जागरुकता लाने के लिए सायबर शिक्षा से सायबर सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत दस दिन तक प्रमुख चौराहों, बाजारों, स्कूल-कॉलेजों पर फाउंडेशन की ओर से मुंबई के आई ड्रामा टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनता को सायबर अपराधों से बचने के तरीकों को समझाते हुए जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा।

अभियान का शुभारंभ रवींद्र नाट्यगृह में किया गया, जिसमें फाउंडेशन की चेयरपर्सन अनुपमा केटकर के मुख्य आतिथ्य में सहायक पुलिस आयुक्त अजय बाजपेयी, सहायक पुलिस आयुक्त दीशेष अग्रवाल, सहायक पुलिस आयुक्त निमेश देशमुख, क्विक हील प्रोग्राम मैनेजर अजय शिरके उपस्थित थे। शुभारंभ पर फाउंडेशन की अनुपमा केटकर ने बताया कि बढ़ते सायबर अपराधों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से सायबर शिक्षा से सायबर सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है, जो 6 मई तक चलेगा। इसमें सुबह 8 से 2 बजे एवं शाम 4 से 9 बजे तक नुक्कड़ नाटक किए जाएंगे। इसी कड़ी में भागीरथपुरा पुलिस चौकी, वैष्णव कॉमर्स कॉलेज, वैष्णव मैनेजमेंट कॉलेज एवं चाणक्यपुरी चौराहे पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। संचालन शिवम ठक्कर उपनिरीक्षक अति. पुलिस उपायुक्त मुख्यालय ने किया।